तिवारी, श्री शंकर लाल

भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र- सतना (63)

पिता का नाम-	श्री रामप्रताप तिवारी
जन्म तिथि-	08 अप्रैल,1953
जन्म स्थान-	सतना
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	श्रीमती सुषमा तिवारी
संतान-	3 पुत्र ,2 पुत्रियाँ
शैक्षणिक योग्यता-	बी.एस-सी. (प्रथम वर्ष)
व्यवसाय-	कृषि, पत्रकारिता एवं प्रिंटिग प्रेस
अभिरुचि-	अध्ययन, लेखन, गीत गायन, बैडमिन्टन
स्थायी पता-	सुभाष चौक, प्रणामी मंदिर के पास, शंकरगंज, जिला-सतना (म.प्र.) दूरभाष-(0755) 2440563 मोबाइल-9425362245 ई-मेल- shankar.tiwari@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	विधायक विश्राम गृह,खण्ड-1 ,कमरा नं.67-68 ,भोपाल.

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक. छात्र जीवन में विद्यार्थी परिषद के संभागीय प्रभारी एवं शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के छात्र संघ के सचिव. छात्र आंदोलन में ढाई महीने की जेल यात्रा. 1969 से भारतीय जनसंघ के सदस्य. 1972-73 में भारतीय युवा संघ के प्रदेश सचिव एवं 1973-75 में प्रदेश उपाध्यक्ष. 1975 में जे.पी. के समग्र क्रांति आंदोलन हेतु गठित छात्र युवा संघर्ष वाहिनी के प्रांतीय सह संयोजक एवं तीन माह की जेल यात्रा. शिमला समझौते के विरोध में एक सप्ताह की जेल. आपातकाल में 19 माह मीसा में निरूद्ध. 1977 में भा.ज.पा. के जिला महामंत्री. भा.ज.युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंत्री. श्रमजीवी पत्रकार संघ, सतना के जिला महामंत्री. दैनिक वीर अर्जुन, दिल्ली एवं दैनिक युगधर्म, जबलपुर के ब्यूरो चीफ रहे. 'बेधड़क भारत' समाचार पत्र का संपादन एवं प्रकाशन. 1984-88 में भा.ज.पा. के जिला महामंत्री. भारतीय किसान मोर्चा के संभागीय प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष. जिला सलाहकार समिति, भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्य समिति, नगर निगम सतना की परामर्शदात्री एवं स्वास्थ्य समिति के सदस्य तथा जिला पंचायत सतना के प्रतिनिधि सदस्य. जिला उपभोक्ता सहकारी भंडार सतना के डायरेक्टर, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष एवं दवा विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष. 'क्रांति दल' का गठन एवं जन आंदोलनों का नेतृत्व. राम दरबार मंदिर के संस्थापक एवं राम जन्म भूमि संघर्ष समिति के सदस्य. विभिन्न जन आंदोलनों में तीन सौ पचास से अधिक बार जेल यात्रा. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विशेषाधिकार एवं सदन समिति तथा उद्योग वाणिज्य एवं सार्वजनिक उपक्रम संबंधी मामलों की समिति के सदस्य. सतना जिला योजना मंडल के सदस्य. झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2013 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.